तथ्य पत्रक

# हयमन पपिलोमावायरस (HPV) टीका

## 2023 म राष्ट्रीय टीकाकरण कायक्रम क तहत परिवतन

**6 फरवरी 2023 से, मानव पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन के लिए खुराक अनुसूची (डोज़ शेड्यूल) एकल खुराक में बदल जाएगी, और कैच-अप कार्यक्रम के लिए पात्रता को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (NIP) के तहत अधिकतम 25 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जाएगा।**

### कार्यक्रम में बदलाव से सम्बन्धित मुख्य बातें

- HPV वैक्सीन (Gardasil®9) को लगभग 12 से 13 वर्ष की आयु के युवाओं को स्कूल टीकाकरण कार्यक्रमों के माध्यम से वित्त पोषित और मुख्य रूप से वितरित किया जाता है। कैच-अप टीकाकरण स्कूलों में टीकाकरण क्लीनिकों के माध्यम से या एक सामान्य चिकित्सक (जनरल प्रेक्टिशनर, जीपी), कम्युनिटी फार्मेसी या अन्य प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं के माध्यम से प्रदान किया जाता है।
- 6 फरवरी 2023 से, 12–13 वर्ष की आयु के युवाओं को प्रदान की जाने वाली नियमित दो खुराक वाली HPV वैक्सीन अनुसूची समान Gardasil®9 वैक्सीन का उपयोग करके एकल खुराक अनुसूची बन जाएगी।
- जिन युवाओं का HPV टीकाकरण छूट गया हो, उनके लिए निरंतर NIP वित्त-पोषित कैच-अप कार्यक्रम को भी अधिकतम 25 साल की आयु तक बढ़ा दिया गया है (19 साल की आयु से बढ़ाकर)।
- 26 वर्ष की आयु के होने से पहले जिन युवाओं (उन्हें छोड़कर जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो) को यह एकल खुराल मिली हो, उन्हें अब पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है और उन्हें अधिक खुराकों की ज़रूरत नहीं होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर पर Immunisation History Statement यह दर्शाएगी कि एकल खुराल प्राप्त करने के बाद व्यक्ति अपने इस टीकाकरण को लेकर अप-टु-डेट है।
- यह बदलाव टीकाकरण पर ऑस्ट्रेलियाई तकनीकी सलाहकारी समूह (Australian Technical Advisory Group on Immunisation, (ATAGI)) से मिली सलाह पर आधारित है जिन्होंने नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक और क्लिनिकल प्रमाण पर ग़ौर किया है।
- राज्य और राज्य-क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग 2023 में स्कूल में HPV वैक्सीन के पात्र किशोरों के माता-पिता को परिवर्तनों के बारे में सूचित करेंगे।

### कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग

- कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए खुराल अनुसूची में कोई परिवर्तन नहीं है। उन्हें HPV वैक्सीन की सुझावित तीनों खुराकें अभी भी लगवानी चाहिए जो कि सभी 26 वर्ष की आयु से पहले NIP के तहत वित्त-पोषित हैं। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए HPV टीकाकरण के संबंध में और अधिक जानकारी के लिए **ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण हस्तपुस्तिका (Australian Immunisation Handbook)** का संदर्भ लें।
- स्कूल टीकाकरण कार्यक्रमों के नियमित शेड्यूलिंग को देखते हुए, सभी तीन खुराकों को पूरा करने के लिए कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को उनके जीपी, प्राथमिक देखभाल प्रदाता या फार्मासिस्ट इम्यूनाइज़र के पास भेजा जा सकता है।

### कैच-अप टीकाकरण

- यदि HPV टीकाकरण छूट गया है, तो पूरी तरह से टीकाकृत माने जाने के लिए अब 26 साल की आयु से पहले केवल एक खुराक की आवश्यकता है (कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के अलावा)।
- कैच-अप टीकाकरण, जितनी जल्दी संभव हो, लगवाना चाहिए, परन्तु, लोग तब तक कैच-अप के लिए पात्र बने रहते हैं जब तक उनकी आयु 26 साल की नहीं हो जाती है।
- यदि जीपी या अन्य प्राथमिक देखभाल प्रदाता के माध्यम से टीकाकरण प्रदान किया जाता है, तो टीका वित्त पोषित होता है, लेकिन परामर्श या प्रबंधकीय शुल्क लागू हो सकता है। और अधिक जानकारी के लिए अपने प्रदाता से बात करें।

## बदलाव नवीनतम प्रमाण पर आधारित है

- कार्यक्रम में बदलाव हाल के वर्षों में सामने आए प्रमाणों की एक बड़ी मात्रा पर आधारित है। सरकार के विशेषज्ञ सलाहकारी समूह, ATAGI, ने अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण की समीक्षा की है और यह निर्धारित किया है कि एकल खुराल दो खुराकों के तुलनीय सुरक्षा देती है। फार्मास्युटिकल बेनिफिट्स एडवाइजरी कमेटी (PBAC) ने ATAGI की सिफारिशों का समर्थन किया है।
- ATAGI की सिफारिशें विश्व स्वास्थ्य संगठन का टीकाकरण पर विशेषज्ञों का रणनीतिक सलाहकार समूह (Strategic Advisory Group of Experts on Immunization, (SAGE)) और यूनाइटेड किंगडम की टीकाकरण और प्रतिरक्षण की संयुक्त समिति (Joint Committee on Vaccination and Immunisation, (JCVI)) के साथ संरेखित हैं।
- अप्रैल 2022 में, **SAGE** ने प्रमाण का आकलन किया और यह निष्कर्ष निकाला कि HPV टीके की एकल खुराक अच्छी प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में बहु-खुराक अनुसूचियों (मल्टी-डोज़ शेड्यूल) के तुलनीय सुरक्षा प्रदान करती है[1]। फरवरी 2022 में **यू.के. के JCVI** ने पूर्व-किशोरावस्था स्कूल-आधारित कार्यक्रम के लिए टीकाकरण की एकल खुराक पर परिवर्तन करने का सुझाव दिया, जिसकी उन्होंने अगस्त 2022 में एक बयान में फिर से पुष्टि की[2]। उनका अनुमान 2023-2024 स्कूली वर्ष में यह अनुसूची (शेड्यूल) को लागू किए जाने का है।

## HPV के खिलाफ टीकाकरण महत्वपूर्ण है

- HPV एक आम वायरस है जो मुख्य रूप से यौन संपर्क से फैलता है। HPV संक्रमण कैंसर और अन्य स्थितियों का कारण बन सकता है जिससे सभी लिंगों के लोगों में गंभीर स्वास्थ्य परिणाम पैदा होते हैं।
- HPV टीकों के लाभ सबसे अधिक तब होते हैं जब वे वायरस के संपर्क में आने से पहले लगाए जाते हैं। यह युवा लोगों को उनके यौन क्रियाएँ शुरु करने से पहले हाई स्कूल के शुरूआती वर्षों में टीकाकरण को लागू किए जाने को समर्थन देता है।
- सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर को मिटाने के लिए HPV के टीके बहुत महत्वपूर्ण हैं। लगभग सभी सर्वाइकल कैंसर HPV संक्रमण से सम्बन्धित होते हैं। टीकाकरण जननांग मस्से और HPV से संबंधित जननांग, गुदा और ऑरोफरीन्जियल कैंसर से भी सुरक्षा प्रदान करता है।
- इसके अलावा, टीकाकरण भविष्य के यौन पार्टनरों (सहभागियों) के लिए HPV संचरण को कम करके ऑस्ट्रेलिया में सर्वाइकल और अन्य कैंसर को मिटाने में योगदान देता है।
- 26 साल और इससे अधिक आयु के लोगों के लिए HPV टीकाकरण को वित्त-पोषित नहीं किया जाता है क्योंकि सामान्यत: HPV संक्रमण यौन क्रिया शुरू करने के तुरंत बाद होता है। यदि पहले संक्रमण हो चुका हो तो टीके की प्रभावकारिता कम हो जाती है।
- 26 साल और इससे अधिक आयु वाले कुछ लोगों को टीका लगवाने से लाभ मिल सकता है और उन्हें अपनी निजी परिस्थितियों से सम्बन्धित सलाह के लिए अपने टीकाकरण प्रदाता से बात करनी चाहिए। यदि 26 साल की आयु से टीकाकरण करवाया जाता है, तो तीन खुराकों का सुझाव दिया जाता है। 26 साल और इससे अधिक आयु के लोगों के लिए टीके निजी प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से खरीदे जाने आवश्यक होते हैं, और लागतें भिन्न-भिन्न हो सकती हैं। 26 साल और इससे अधिक आयु वाले लोगों के लिए HPV टीकाकरण से सम्बन्धित जानकारी के लिए **ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण हस्तपुस्तिका (Australian Immunisation Handbook)** का संदर्भ लें।
- HPV टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर उत्पन्न करने वाले HPV के सभी प्रकारों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। 25-74 वर्ष की आयु के बीच हर 5 साल बाद महिलाओं और गर्भाशय ग्रीवा वाले लोगों के लिए सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट की सिफारिश की जाती है।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

- ✓ **ऑस्ट्रेलिया टीकाकरण हस्तपुस्तिका (Australian Immunisation Handbook)** देखें जिसे HPV टीकाकरण से जुड़ी नवीनतम क्लिनिक्ल सलाह और सुझाव प्रदान करने के लिए अपडेट किया गया है।
- ✓ स्वास्थ्य एवं वयोवृद्ध देखभाल विभाग (Department of Health and Aged Care) की वेबसाइट पर **HPV टीकाकरण पेज़** देखें।
- ✓ अधिक जानकारी के लिए अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

1 विश्व स्वास्थ्य संगठन का टीकाकरण पर विशेषज्ञों का रणनीतिक सलाहकार समूह। टीकाकरण पर विशेषज्ञों के रणनीतिक सलाहकार समूह की बैठक। वनडोज ह्यमन पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ ठोस सुरक्षा प्रदान करती है। साप्ताहिक महामारी विज्ञान रिकॉर्ड अप्रैल 2022।

2 टीकाकरण और प्रतिरक्षण पर संयुक्त समिति। नियमित HPV टीकाकरण कार्यक्रम के लिए एकल खुराक कार्यक्रम पर JCVI का बयान (5 अगस्त 2022 को प्रकाशित)।

Australian Government
Department of Health and Aged Care

National Immunisation Program
A joint Australian, State and Territory Government Initiative